सीएसआईआर–केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
(सीएसआईआर-सीरी)

क्रमांक: प्रशा.नि./कार्यालय/विविध/2025/09 **दिनांक: 08/09/2026**

कार्यालय ज्ञापन

विषय: सीएसआईआर-सीरी चेन्नई केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक के मनोनयन के संबंध में।

डॉ. सी. कुमारवेलु, वैज्ञानिक-जी, 30 सितंबर 2026 को सीएसआईआर-सीरी चेन्नई केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक के रूप में अपना कार्यकाल पूर्ण कर रहे हैं। उनके कार्यकाल के दौरान दिए गए योगदान एवं सेवाओं की प्रशंसा की जाती है तथा इसे अभिलेखबद्ध (ऑन रिकॉर्ड) किया जाता है।

इस संदर्भ में, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी सहर्ष डॉ. ए. हेप्सिबा किरणमयी, वैज्ञानिक-एफ को 01 अक्टूबर 2026 से तीन वर्ष की अवधि के लिए सीएसआईआर-सीरी चेन्नई केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक के रूप में मनोनीत करते हैं।

सुचारू और निर्बाध कार्य-हस्तांतरण सुनिश्चित करने हेतु, डॉ. सी. कुमारावेलु, वैज्ञानिक-जी, ट्रांजीशन अवधि (ट्रांजिशन पीरियड) के दौरान चेन्नई केंद्र से संबंधित सभी आधिकारिक अभिलेख, दस्तावेज, फाइलें, प्रशासनिक मामले तथा अन्य जिम्मेदारियां डॉ. ए. हेप्सिबा किरणमयी, वैज्ञानिक-एफ को सौंपेंगे।

यह कार्यभार हस्तांतरण एक व्यवस्थित तरीके से पूर्ण किया जाएगा, जिसमें चेन्नई केंद्र के सुचारू संचालन में निरंतरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी महत्वपूर्ण मामलों, लंबित मुद्दों, अभिलेखों तथा प्रशासनिक उत्तरदायित्वों का यथोचित दस्तावेजीकरण शामिल होगा।

यह निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

08.09.2026
(मधुरजन पाण्डेय)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि:

1. डॉ. सी. कुमारावेलु, वैज्ञानिक-जी
2. डॉ. ए. हेप्सिबा किरणमयी, वैज्ञानिक-एफ
3. प्रमुख, सीरी चेन्नई केंद्र
4. निदेशक के निजी सहायक
5. प्रशासन नियंत्रक के निजी सहायक
6. वित्त एवं लेखा नियंत्रक
7. भंडार एवं क्रय अधिकारी
8. स्थापना-I, स्थापना-II, स्थापना-III
9. प्रमुख, एआईटीजी – इसे इंट्रानेट पोर्टल पर अपलोड करने के अनुरोध सहित
10. सभी संबंधित